शनिवार, 28 मार्च, 2026 www.tvbharatvarsh.in E-PAPER कुल पृष्ठ–08

tv भारतवर्ष
सच्ची खबर, सीधे आपके लिए



विराट कोहली का फुल स्लीव टैटू: जिंदगी के सफर की झलक
Page-04

मलाइका अरोड़ा ने अफेयर की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी
Page-05



## 15 सेकंड के सायरन से दुनिया को दिखाया खतरे का सच



अंतर्राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

शसंयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल ने एक अनोखे तरीके से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। बैठक के दौरान इजराइल के राजदूत डेनी डेनन ने अपने संबोधन में एक घड़ी और मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर सबको चौंका दिया।उन्होंने अचानक रेड अलर्ट सायरन बजाया और फिर घड़ी में 15 सेकंड का टाइमर सेट कर दिया। कुछ पल के लिए वहां मौजूद राजदूत और प्रतिनिधि हैरान रह गए। इसके बाद डेनन ने बताया कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि इजराइल के आम नागरिकों की रोजमर्रा की हकीकत है।उन्होंने कहा कि जब इजराइल पर रॉकेट हमले होते हैं, तो लोगों के मोबाइल फोन पर ठीक ऐसा ही सायरन बजता है और उन्हें अपनी जान बचाने के लिए केवल 15 सेकंड का समय मिलता है।इस प्रदर्शन के जरिए इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह संदेश देने की कोशिश की कि उसके नागरिक लगातार खतरे के साये में जी रहे हैं और उनकी सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है।

## करोड़ों का राशन गायब, गरीबों तक नहीं पहुंचा हक

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है, जिसने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में सामने आया है कि जुलाई 2024 से अब तक 14 राशन दुकानों के सेल्समैनों ने मिलकर 2 करोड़ 63 लाख 16 हजार 388 रुपए मूल्य का अनाज हड़प लिया। यह राशन गरीबों तक पहुंचने के बजाय खुले बाजार में बेच दिया गया।सरकार द्वारा पारदर्शिता लाने के लिए पीओएस मशीन और फिंगरप्रिंट सिस्टम लागू किए गए थे, ताकि केवल पात्र हितग्राहियों को ही राशन मिल सके। लेकिन इस जिले में ये व्यवस्थाएं भी नाकाम साबित हुईं। आरोप है कि सेल्समैन फर्जी एंट्री कर या तकनीकी खामियों का फायदा उठाकर गेहूं और चावल को बाजार में बेच रहे थे।इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब कुछ जागरूक नागरिकों ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद संबंधित मामलों में एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन इससे कई सवाल भी खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन मामलों में शिकायत नहीं होती, वहां कितनी बड़ी गड़बड़ी हो रही होगी।ग्रामीण क्षेत्रों में हर जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायत रहती है कि उन्हें उनका राशन नहीं मिल रहा है। बावजूद इसके, कई मामलों में जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाती है। न तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है और न ही जरूरतमंदों को उनका अधिकार मिल पाता है, जिससे सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।





जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर भीड़ कम होगी और क्षेत्रीय विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

# नोएडा से उड़ान भरेगा विकास

## देश को मिलेगा नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट

28 मार्च को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के प्रथम चरण का उद्घाटन होने जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।यह हवाई अड्डा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा। इसके शुरू होने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बढ़ते दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी, जो फिलहाल एनसीआर के अधिकांश हवाई यातायात को संभालता है।प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना को देश की प्रमुख हरित अवसंरचना पहल बताते हुए कहा कि इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि लॉजिस्टिक्स सेक्टर को भी मजबूती मिलेगी। एयरपोर्ट में आधुनिक कार्गो सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे माल ढुलाई और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।यमुना एक्सप्रेसवे पर रणनीतिक रूप से स्थित यह एयरपोर्ट करीब 11,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। पहले चरण में इसकी क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 7 करोड़ तक किया जा सकेगा।करीब 3,900 मीटर लंबे रनवे, आधुनिक नेविगेशन सिस्टम और 24 घंटे संचालन की सुविधा से लैस यह एयरपोर्ट हर मौसम में उड़ानों के लिए तैयार है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से लाइसेंस मिलने के बाद अब यह देश के विमानन क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है।

> **नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से एनसीआर में हवाई कनेक्टिविटी, व्यापार और लॉजिस्टिक्स को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।**

## बालेन शाह ने संभाली कमान -नेपाल को मिला सबसे युवा प्रधानमंत्री



अंतर्राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

नेपाल की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। 35 वर्षीय बालेन्द्र शाह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया। शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने पहले संदेश को एक रैप गाने के जरिए जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई, सिस्टम में बदलाव और युवाओं की भूमिका पर जोर दिया गया।बालेन शाह की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (RSP) ने 5 मार्च को हुए चुनाव में जीत हासिल की थी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नई सरकार को लेकर उम्मीद जताई और कहा कि अब देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है तथा भ्रष्टाचार खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।नई सरकार के गठन के साथ ही मंत्रिमंडल का विस्तार भी शुरू हो गया है। सुधन गुरुंग को गृह मंत्री बनाया गया है, जो देश की आंतरिक सुरक्षा संभालेंगे, जबकि शिशिर खनाल को विदेश मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।बालेन शाह इससे पहले काठमांडू के मेयर रह चुके हैं। उन्होंने दिसंबर में अपने पद से इस्तीफा देकर सक्रिय रूप से राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखा था।खास बात यह है कि बालेन मधेश क्षेत्र से आने वाले पहले प्रधानमंत्री बने हैं। यह क्षेत्र नेपाल के दक्षिण में भारत की सीमा से लगा हुआ है और लंबे समय से राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर चर्चा में रहा है।

### पेट्रोल-डीजल पर बड़ी राहत:

## सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती की

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष



देश में बढ़ती महंगाई के बीच सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए प्रति लीटर की कटौती कर दी गई है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी ₹13 से घटाकर ₹3 प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डीजल पर ₹10 प्रति लीटर की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।सरकार का यह कदम ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल देखा जा रहा है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों के कारण कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इस तेजी का सीधा असर भारतीय तेल कंपनियों पर पड़ रहा था।बताया जा रहा है कि कच्चे तेल की कीमतों में इस उछाल के चलते तेल कंपनियों को प्रति लीटर करीब 30 रुपए तक का नुकसान हो रहा था। ऐसे में कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पर विचार कर सकती थीं, जिससे आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ता।हालांकि, सरकार ने समय रहते हस्तक्षेप करते हुए एक्साइज ड्यूटी में कटौती कर दी, जिससे पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस फैसले से आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है और महंगाई पर भी कुछ हद तक नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### कोई पाबंदी नहीं लगेगी

## अफवाहों पर सरकार का साफ संदेश

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष



देश में लॉकडाउन को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच केंद्र सरकार ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। सरकार के कई वरिष्ठ मंत्रियों ने बयान जारी कर कहा है कि देश में किसी भी तरह का लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को ऐसी खबरों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी स्थिति नहीं है और न ही सरकार लॉकडाउन पर विचार कर रही है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि "कोई लॉकडाउन नहीं होगा" और ईंधन की कमी जैसी बातें भी सिर्फ अफवाह हैं।सीतारमण ने यह भी कहा कि कुछ नेताओं द्वारा इस तरह के बयान देना चिंताजनक है, क्योंकि इससे जनता में भ्रम और डर का माहौल बनता है। उन्होंने दोहराया कि सरकार की ओर से ऐसी किसी पाबंदी की कोई योजना नहीं है।वहीं, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी इन अफवाहों को गलत और भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन जैसी कोई स्थिति नहीं बनने वाली है और इस तरह की बातें फैलाना हानिकारक है।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में हंगामा

## ईरान मुद्दे पर प्रदर्शन और नेताओं के बीच झड़प

राष्ट्रीय, टीवी भारतवर्ष

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान से जुड़े मुद्दे पर जमकर हंगामा देखने को मिला। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर उनकी तस्वीर और पोस्टर लेकर सदन में पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। इस दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।हंगामे के बीच कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, जो बाद में धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। विवाद उस समय बढ़ा जब भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को लेकर टिप्पणी की। कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे, जिस पर भाजपा विधायक युद्धवीर सेठी ने पलटवार करते हुए राहुल गांधी पर टिप्पणी की। इसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई की स्थिति बन गई।वहीं, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान पर चल रहे संघर्ष को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिस तरह यह युद्ध ईरान पर थोपा गया और जिस तरह मानवता की हानि हुई, उसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने भी ईरान के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और जम्मू-कश्मीर सरकार ईरान के साथ खड़ी है और किसी भी देश को दूसरे देश पर हमला करने का अधिकार नहीं है।





# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का भरोसा

## देश में पेट्रोल-डीजल और LPG का पर्याप्त भंडार

**सरकार ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक तनाव के बावजूद भारत में कच्चे तेल, पेट्रोल-डीजल और LPG की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है।संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के अनुसार, देश में अगले दो महीनों के लिए ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और घरेलू LPG उत्पादन में करीब 20% की बढ़ोतरी हुई है।**





टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पुष्टि की है कि भारत के पास कच्चे तेल, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है, और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के बावजूद एलएनजी और एलपीजी की स्थिर आपूर्ति बनी हुई है। संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में बताया कि कच्चे तेल का भंडार पर्याप्त है और अगले दो महीनों के लिए ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरियां पूरी क्षमता से या उससे भी अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 20% की वृद्धि हुई है। शर्मा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि वैश्विक तनावों ने कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति को प्रभावित किया है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि का कारण बना है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं, हम वर्तमान में युद्ध जैसी स्थिति में हैं, और मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण हमारी आपूर्ति प्रभावित हुई है। कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी सभी प्रभावित हुए हैं। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं, और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अन्य उत्पादों की कीमतें भी बढ़ी हैं। हालांकि, भारत सरकार ने इस स्थिति को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए कई स्तरों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में, हमारे पास पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार है, और अगले दो महीनों के लिए आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। एलपीजी और पीएनजी के संबंध में भी स्थिति संतोषजनक है। हमारी रिफाइनरियां 100% या उससे भी अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, और घरेलू एलपीजी उत्पादन में 20% की वृद्धि हुई है। भारत की एलपीजी आयात पर अत्यधिक निर्भरता को देखते हुए—जिसका लगभग 90% हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है—सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति को अस्थायी रूप से कम कर दिया। बाद में इसे चरणबद्ध तरीके से बहाल किया गया, जो 20% से बढ़कर 70% तक पहुंच गया। शर्मा ने बताया कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत एलपीजी आयात पर अत्यधिक निर्भर है, और इन आयातों का लगभग 90% हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता था। इसलिए, भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में, व्यावसायिक आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोक दिया गया। इसके बाद, सुनियोजित निर्णयों के माध्यम से, 20% व्यावसायिक आपूर्ति बहाल की गई, जिसके बाद पीएनजी नेटवर्क के विस्तार में सहयोग के लिए अतिरिक्त 10% आपूर्ति की गई। बाद में, इसे बढ़ाकर 50% कर दिया गया, और आज इसे 70% तक बढ़ा दिया गया है।

## ईरान का ऐसा खौफ, छिपे अमेरिकी सैनिक,हमले के बाद कई ठिकाने बर्बाद

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कभी शायद ही सोचा हो कि उनके सैनिकों पर ईरान के हमले इतने पहने हो जाएंगे कि सैनिकों को होटलों में पनाह लेनी पड़ेगी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट यही कह रही है। पूरे मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशिया जो इलाका है वहां पर अमेरिका के छोटे-बड़े मिलाके और ठिकाने एयरबेस नेवल बेस सब मिला के 13 बड़े-बड़े ऐसे बेस हैं जो अमेरिका के लिए स्ट्रेटेजिक रूप से बहुत अहम माने जाते हैं। ईरान ने इन पर इतना जबरदस्त हमले हमला किया चाहे वो ड्रोन से हो, चाहे बैलेस्टिक मिसाइल से हो, चाहे वो हाइपरसोनिक मिसाइल से हो कि अब वहां रहने लायक नहीं बचा है। या तो वह पूरी तरह तबाह हो चुके हैं वो बेसेस। या तो अगर वो बचे भी हैं तो उनमें जान का खतरा लेके कोई रहना नहीं चाहता। अब यही वजह है कि अमेरिकी सैनिकों को इधर-उधर शिफ्ट किया जा रहा है। अलग-अलग जगहों पे भेजा जा रहा है। लेकिन उन बेसिस पे नहीं रहना चाह रहा क्योंकि वो बेस लगातार ईरान जाने किस तरह से मॉनिटर कर रहा है। वो सेटेलाइट इमेजरी उसको मिल रही है या जो भी चीजें हैं लेकिन वो लगातार इन पे नजर बनाए हुए हैं। और जैसे ही वहां कोई एक्टिविटी हो रही है ईरान तुरंत हमले कर रहा है। कतर में वहां पे सबसे बड़ा रडार था जो उस पूरे एरिया पे निगरानी रखता था वो रडार तबाह कर दिया। ईरान ने पूरे मिडिल ईस्ट में जो अमेरिका के मिलिट्री बेससेस हैं वहां पर हमले हुए हैं। अमेरिका कई ठिकानों पे जो खासकर मिलिट्री ठिकाने हैं वहां हमले हो रहे हैं। इसमें दो ठिकाने सबसे अहम है। एक क़तर का अलदैद एयरवेज क़तर में ही जो है अमेरिका की जो सेंट्रल कमांड है सेंट कॉम उसका हेड क्वार्टर है और दूसरा है बहरीन में अमेरिकी नेवी की फिफ्थ फ्लीट जो एक मतलब वो नेवल हेड क्वार्टर है उनका।



## अयोध्या में सूर्य की किरणों से हुआ प्रभु राम का अभिषेक

## भारत खरीदेगा रूस से S-400 डिफेंस सिस्टम

## चीन-पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन!

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए रूस से S-400 एयर डिफेंस सिस्टम की अतिरिक्त बैटरी खरीदने की मंजूरी दे दी है. रक्षा मंत्रालय की डिफेंस एक्युजेशन काउंसिल (DAC) की आज एक अहम बैठक हुई, जिसमें रक्षा मंत्रालय की ओर से इस प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार (27 मार्च, 2026) को रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की अहम बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत कई तरह के हथियार और विमानों की खरीद के प्रस्तावों में मंजूरी दी गई है. DAC की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने



भारतीय वायुसेना के लिए रूस से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल सिस्टम के अलावा मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, रिमोटली पायलटेड स्ट्राइक एयरक्राफ्ट और Su-30 एयरो इंजन एग्रीगेट्स के ओवरहाउल के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी है.

भारतीय वायुसेना में मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट AN-32 और IL-76 के बेड़े की जगह शामिल किए जाएंगे. इससे वायुसेना के रणनीतिक, सामरिक और ऑपरेशनल एयरलिफ्ट की जरूरतों को पूरा किया जाएगा. जबकि रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट आक्रामक जवाबी कार्रवाई के साथ को-ऑर्डिनेटेड एयर ऑपरेशन्स को अंजाम देने में क्षमता बढ़ाएगी. इसके साथ यह एयरक्राफ्ट स्टील्थ इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही गतिविधियों को भी काफी समर्थन देगा. भारतीय वायु सेना के साथ-साथ इस बैठक में भारतीय सेना के जरूरतों के मद्देनजर भी कई हथियारों की खरीद को मंजूरी दी गई है. बैठक में भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर-पियसिंग टैंक एम्युनिशन, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी दी गई है.

## इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का कड़ा जवाब

टीवी भारतवर्ष अंतर्राष्ट्रीय

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों का कड़ा जवाब दिया है। ईरान के सरकारी समाचार चैनल प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी नौसेना ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया है कि यह महत्वपूर्ण जलमार्ग आवागमन के लिए खुला है, और जोर देकर कहा है कि यह अभी भी नाकाबंदी के अधीन है। यह बयान अमेरिकी प्रशासन की हालिया टिप्पणियों के बाद आया है जिसमें समुद्री मार्ग के सुचारु रूप से चलने का संकेत दिया गया था। आईआरजीसी सैन्य कमान ने सीधे तौर पर खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग पर पूर्ण नियंत्रण बनाए हुए है। आईआरजीसी नौसेना ने अपने बयान में कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है, और जलडमरूमध्य से किसी भी तरह की आवाजाही का कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह चेतावनी क्षेत्र में व्याप्त अत्यधिक अस्थिरता को रेखांकित करती है, क्योंकि तेहरान अमेरिकी और इजरायली नौसैनिक अभियानों को लगातार चुनौती दे रहा है। प्रेस टीवी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ईरानी सेना ने अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा करने का संकल्प लिया है और रणनीतिक जलमार्ग से अनधिकृत आवागमन की अनुमति नहीं देगी। यह ताजा तनाव एक व्यापक संघर्ष के बीच आया है, जिसमें आईआरजीसी ने अपने रुख को दोहराते हुए कहा है कि "जलडमरूमध्य से किसी भी तरह की गतिविधि का कड़ा जवाब दिया जाएगा।" यह घोषणा फारस की खाड़ी में या उसके आसपास तैनात अंतरराष्ट्रीय जहाजों और विदेशी सैन्य बलों के लिए एक सीधी चेतावनी है।इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर अनिश्चितता जताई है कि क्या वे ईरान को जलडमरूमध्य फिर से खोलने के लिए निर्धारित मौजूदा समय सीमा को लागू करेंगे या बढ़ाएंगे। गुरुवार को व्हाइट हाउस में कैबिनेट की बैठक के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया कि राजनयिक बातचीत जारी रहने के कारण अभी अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

# भारत की रक्षा ताकत को बड़ा बूस्ट

## 2.38 लाख करोड़ के सैन्यप्रस्तावों को मंजूरी

टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय

भारत अपने रक्षा उपकरणों को बड़े पैमाने पर अपडेट कर रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 27 मार्च, 2026 को हुई बैठक में लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले विभिन्न प्रस्तावों के लिए आवश्यकता स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई। भारतीय सेना के लिए, वायु रक्षा ट्रैक प्रणाली, बख्तरबंद भेदी टैंक गोला बारूद, उच्च क्षमता वाली रेडियो रिले, धनुष तोप प्रणाली और रनवे स्वतंत्र हवाई निगरानी प्रणाली को मंजूरी दी गई। वायु रक्षा ट्रैक प्रणाली वास्तविक समय में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगी, जबकि उच्च क्षमता वाली रेडियो रिले विश्वसनीय और त्रुटिरहित संचार प्रदान करेगी। धनुष तोप प्रणाली सभी भूभागों में लंबी दूरी पर लक्ष्यों को भेदने की तोपखाने की क्षमताओं को बढ़ाएगी, जिससे मारक क्षमता और सटीकता में वृद्धि होगी। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम (S-400) सेना की इकाइयों को निगरानी क्षमता प्रदान करेगा, जबकि आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद (AMRED PAERCING TAN)



टैंक-रोधी गोला-बारूद की मारक क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायु सेना के लिए, मध्यम परिवहन विमान, S-400 लंबी दूरी की सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, रिमोटली पायलेटेड स्ट्राइक विमान और Su-30 एयरो इंजन एग्रीगेट्स के नवीनीकरण की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। AN32 और IL76 परिवहन बेड़े को प्रतिस्थापित करके मध्यम परिवहन विमानों को शामिल करने से सेवाओं की रणनीतिक, सामरिक और परिचालन हवाई परिवहन आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। S-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लक्षित करने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी, जबकि रिमोटली पायलेटेड स्ट्राइक विमान आक्रामक जवाबी और समन्वित हवाई अभियानों को अंजाम देने में सक्षम बनाएगा, साथ ही गुप्त खुफिया, निगरानी और पहचान गतिविधियां भी प्रदान करेगा। Su-30 एयरो इंजन और इसके एग्रीगेट्स के नवीनीकरण से विमान का सेवा जीवन बढ़ेगा और वायु सेना की परिचालन आवश्यकता पूरी होगी।



## संपादक की कलम से

### राजनीति में मर्यादा, संवाद और जिम्मेदारी की कसौटी:

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता और खुले विचारों की परंपरा रही है। संसद इसी परंपरा का सर्वोच्च मंच है, जहां मतभेद भी होते हैं और संवाद भी। हाल के दिनों में नेताओं के आचरण, पहनावे और राजनीतिक शैली को लेकर उठी बहस ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है।राजनीति में व्यक्तित्व और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ मर्यादा और संस्थागत अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है। संसद केवल बहस का मंच नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास का प्रतीक है। ऐसे में यहां मौजूद हर जनप्रतिनिधि से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने व्यवहार, भाषा और प्रस्तुति में संतुलन बनाए रखे।वहीं, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक मतभेद व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप में न बदलें। आलोचना लोकतंत्र का मूल तत्व है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता तब ही कायम रहती है जब वह तथ्यों और तर्कों पर आधारित हो। केवल विरोध के लिए विरोध या हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देना जनहित के मुद्दों को पीछे धकेल सकता है।आज जरूरत इस बात की है कि सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी भूमिकाओं को गंभीरता से समझें। जहां सरकार को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए, वहीं विपक्ष को रचनात्मक आलोचना के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए।इसके साथ ही, सार्वजनिक जीवन में भाषा की गरिमा भी उतनी ही अहम है। तीखी बहस लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन शब्दों की मर्यादा टूटने पर संवाद की गुणवत्ता प्रभावित होती है। नेताओं को यह समझना होगा कि उनका हर वक्तव्य समाज पर प्रभाव डालता है और जनमानस को दिशा देता है।अंततः, लोकतंत्र की गुणवत्ता केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नेताओं के आचरण और संवाद की संस्कृति से तय होती है। यदि संसद में गरिमा, सम्मान और सार्थक बहस की परंपरा मजबूत होगी, तो इसका सीधा लाभ देश की जनता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मिलेगा।

# किरण रिजिजू का राहुल गांधी पर निशाना

# संसद में आचरण और पहनावे पर उठाए सवाल

**केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की संसदीय कार्यशैली और टी-शर्ट पहनकर संसद आने पर सवाल उठाए।उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी 'एक्टिविस्ट' सलाहकारों के प्रभाव में काम करते हैं और सदन की परंपराओं का पालन नहीं करते।साथ ही उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा के अनुसार व्यवहार और पहनावा होना जरूरी है।**





**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (LoP) राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। एक निजी शिखर सम्मेलन 'टाइम्स नाउ समिट' के दौरान रिजिजू ने राहुल गांधी के संसद में टी-शर्ट पहनकर आने और उनकी राजनीतिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के दिमाग पर उनके 'एक्टिविस्ट' सलाहकारों ने कब्जा कर लिया है और वह संसद में वही बोलते हैं जो उनके सलाहकार उन्हें बोलने को कहते हैं। रिजिजू ने कहा, "निजी तौर पर, मुझे राहुल गांधी से कोई दिक्कत नहीं है। हम मिलते हैं, (बैठक) कक्ष में और उसके बाहर एक-दूसरे से बात करते हैं, क्योंकि वह प्रतिपक्ष के नेता हैं। यह ठीक है। कोई दिक्कत नहीं। लेकिन जब आप औपचारिक रूप से सदन के पटल पर बोल रहे होते हैं, तो आपको परंपराओं, नियमों और शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। ये संसदीय लोकतंत्र के बहुत जरूरी हिस्से हैं।" उन्होंने आगे कहा, "लेकिन राहुल गांधी का दिमाग उनके 'एक्टिविस्ट' सलाहकारों ने 'हाईजैक' कर लिया है। वह वही बोलते हैं जो उनके सलाहकार बोलने को कहते हैं।" रिजिजू ने कहा कि जब बीजेपी विपक्ष में थी, तो उसने कुछ मानकों का पालन किया और जोरदार विरोध प्रदर्शन किए, लेकिन उसने कभी अपनी सीमाएं पार नहीं कीं। राहुल गांधी के संसद में अक्सर कैजुअल कपड़ों में आने के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के तौर पर, किसी को भी उचित तरीके से व्यवहार करना चाहिए, और पहनावा भी इसी का एक हिस्सा है। मंत्री ने कहा, "उन्हें नियमों और शिष्टाचार को समझने में दिक्कत होती है। जब आप नेता प्रतिपक्ष होते हैं, तो आपको एक खास तरीके से व्यवहार करना होता है। शालीन पहनावा भी इसी का एक हिस्सा है।" रिजिजू ने कहा कि वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष बनने से पहले ढीली शर्ट और सैंडल पहनते थे। उन्होंने कहा, "लेकिन जब वह लोकसभा अध्यक्ष चुने गए, तो वह काफी शालीनता से कपड़े पहनकर आने लगे ताकि वह कुर्सी पर बैठे हुए अच्छे दिखें। इसी तरह, नेता प्रतपिक्ष पूरे विपक्ष के नेता होते हैं और इसलिए उन्हें इस तरह से कपड़े पहनने चाहिए जो उनके पद की गरिमा के अनुरूप हों।" रिजिजू ने कहा, "हो सकता है कि मैं उस व्यक्ति का सम्मान न करूं, लेकिन मुझे उस पद का सम्मान करना ही होगा। इसलिए बहुत से लोगों को लगता है कि वह (गांधी) और बेहतर तरीके से व्यवहार कर सकते हैं, जिसमें बेहतर पहनावे की समझ भी शामिल है। मैं टी-शर्ट पहनने पर कोई आपत्ति नहीं जता रहा हूं, लेकिन यह अच्छा नहीं लगता।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति विरोधाभासों से भरी लगती है; वह सरकार की हर उपलब्धि का विरोध करते हैं और उसकी हर सफलता पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्णायक नेतृत्व, गरीबों के लिए कार्य और भारत का बढ़ता वैश्विक कद अपने आप में सबकुछ बयां करते हैं। लोकतंत्र में आलोचना मायने रखती है, लेकिन विश्वसनीयता उससे भी ज्यादा मायने रखती है।" पश्चिम एशिया संकट पर बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक के बारे में पूछे जाने पर रिजिजू ने कहा कि सार्वजनिक विमर्श में तीखे मतभेदों के बावजूद, बैठक में परिपक्वता देखने को मिली। उन्होंने कहा, "विपक्षी नेताओं ने अपनी चिंताएं जताईं, सरकार ने उन पर ध्यान दिया और इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में, जो भारत के हितों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है, एकजुट होकर खड़े रहने पर आम सहमति बनी।

## सर्बानंद सोनोवाल का दावा: असम में BJP की वापसी, 100+ सीटों का लक्ष्य

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

केंद्रीय मंत्री सरबानंदा सोनोवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा असम में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार है और आगामी विधानसभा चुनावों में 100 से अधिक सीटें हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्य के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। दक्षिणी असम के कछार जिले के बोरखोला विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सोनोवाल ने कहा कि भाजपा के शासन और विकास संबंधी पहलों ने पूरे राज्य में जनता का विश्वास मजबूत किया है।सोनोवाल ने कहा कि असम में भाजपा आसानी से सरकार बनाएगी और हमें 100 से अधिक सीटें जीतने का पूरा भरोसा है। जनता ने हमारा काम देखा है और हमारे नेतृत्व पर उन्हें विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तहत असम में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जो पिछली सरकारों से बिल्कुल अलग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि असम के विकास और पहचान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। जनता अब अस्थिरता और भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि विकास और सुशासन चाहती है। सोनोवाल ने राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन प्रयासों का असर जमीनी स्तर तक पहुंचा है और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आया है। राजनीतिक परिदृश्य का जिक्र करते हुए उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों में दिशा और जनसमर्थन की कमी है, जबकि भाजपा बराक घाटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपना आधार लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि बोरखोला जैसे इलाकों में लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया भाजपा में उनके विश्वास को दर्शाती है। हम असम को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्रीय मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव से पहले जनसंपर्क प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया और बूथ स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने के महत्व पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आगामी असम विधानसभा चुनाव में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का दावा किया है, जिसमें 100 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के विकास कार्यों, सुशासन और ऐतिहासिक फैसलों ने जनता का विश्वास मजबूत किया है।




# ममता बनर्जी के बयान पर चंद्रेशखर बावनकुले का पलटवार

**टीवी भारतवर्ष राष्ट्रीय**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले सियासी सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने निशाना साधते हुए कहा है कि वह कौरवों की राजनीति करती हैं। आइए जानते हैं कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोला है। नागपुर में मीडिया के साथ बातचीत करते हुए बावनकुले ने कहा, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ही बताए कि कौरव कौन हैं और पांडव कौन हैं। हमारे 5 पांडव चुनाव जीतने के लिए काफी हैं, कौरवों की फौज उनके पास हैं। चंद्रशेखर बावनकुले ने आगे कहा, "कौरवों की राजनीति ममता बनर्जी करती हैं, हम नहीं करते हैं। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी जो सच्चाई की, ईमानदारी की, पारदर्शी बात करके चुनाव लड़ना चाहते हैं। ममता बनर्जी कौरव जैसे बूथ कैप्चर करके चुनाव जीतना चाहती हैं। बंगाल चुनाव में दिखेगा की जनता किसके साथ है।" उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र बीजेपी के विधायक, सांसद, मंत्री और बीजेपी के पदाधिकारी केरल व बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए भी जाएंगे। बता दें कि ममता बनर्जी ने गुरुवार को बर्द्धमान के पांडवेश्वर और बीरभूम जिले में अपने संबोधन के दौरान भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर शब्दबाण चलाए थे। उन्होंने टीएमसी को पांडव और भाजपा को कौरव बताया था। मुख्यमंत्री ने कहा था कि यह चुनाव कौरवों के साथ पांडवों की लड़ाई है। इसी पर आज चंद्रशेखर बावनकुले ने पलटवार किया है। केंद्र सरकार ने तेल संकट के बीच पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर दी है, इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बावनकुले ने कहा कि



महाराष्ट्र की जनता की ओर से पीएम मोदी और केंद्र सरकार का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति के लिए यह काफी अहम फैसला है। इस फैसले से जो युद्ध जनक स्थिति महंगाई आने वाले थी ऐसे में प्रधानमंत्री ने जो निर्णय लिया है उसका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है जिसे आम जनता को उम्मीद थी।



# NHAI Summer Internship

## हर महीने मिलेंगे 20000 रुपये

NHAI Summer Internship 2026: छात्रों के लिए हाईवे प्रोजेक्ट्स पर काम करने का शानदार मौका है। चयनित उम्मीदवारों को हर महीने 20,000 रुपये स्टाइपेंड मिलेगा और उन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में प्रैक्टिकल अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (N H A I) ने साल 2026 के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप शुरू की है। इस इंटर्नशिप में छात्रों को देशभर में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा। इससे उन्हें असली काम का अनुभव मिलेगा और वे अपनी पढ़ाई को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। जो छात्र इसमें रुचि रखते हैं, वे NHAI के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह इंटर्नशिप 4 मई से 5 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कई तकनीकी और गैर-तकनीकी विषयों को शामिल किया गया है। तकनीकी क्षेत्रों में सिविल इंजीनियरिंग, आईटी, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल हैं। वहीं गैर-तकनीकी क्षेत्रों में कानून (B A L L B ), वाणिज्य, विज्ञान (BA/BCom/BSc), प्रबंधन (MBA-HR, फाइनेंस, मार्केटिंग), जनसंचार और लाइब्रेरी साइंस के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को




NHAI मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में काम करने का मौका मिलेगा, जहां वे अनुभवी पेशेवरों के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। इससे उन्हें भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। इंटर्नशिप के दौरान उम्मीदवारों को 20,000 रुपये प्रति माह का स्टाइपेंड दिया जाएगा। इस इंटर्नशिप के लिए NIRF रैंक वाले कॉलेज, अच्छे लॉ यूनिवर्सिटी, टॉप मैनेजमेंट कॉलेज और जनसंचार संस्थानों में पढ़ रहे ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के छात्र आवेदन कर सकते हैं। इसका मकसद अलग-अलग विषयों के छात्रों को सीखने और काम का अनुभव देने का मौका देना है। यह प्रोग्राम दिसंबर 2025 में शुरू हुआ था और इसमें अच्छा रिस्पॉन्स मिला। करीब 244 सिविल इंजीनियरिंग छात्रों ने एक महीने की इंटर्नशिप की, जबकि 149 छात्रों ने जनवरी से जून 2026 तक चलने वाली 6 महीने की इंटर्नशिप में हिस्सा लिया। अब इस सफलता के बाद ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप को और बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा छात्रों को मौका मिल सके।

NHAI Summer Internship 2026: ऐसे करें आवेदन-

सबसे पहले NHAI की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

होमपेज पर "I n t e r n s h i p" या "Career" सेक्शन में जाएं।

वहां Summer Internship 2026 से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।

अब आवेदन फॉर्म खोलें और अपनी व्यक्तिगत और शैक्षणिक जानकारी भरें।

आवश्यक दस्तावेज जैसे रिज्यूमे, मार्कशीट आदि अपलोड करें।

सभी जानकारी जांचने के बाद फॉर्म को सबमिट कर दें।

## विराट कोहली का फुल स्लीव टैटू: जिंदगी के सफर की झलक दिखाता नया लुक



आईपीएल 2026 से पहले विराट कोहली एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इस बार वह अपनी बल्लेबाजी के कारण नहीं बल्कि अपने नए टैटू के कारण चर्चा में हैं। कोहली का नया फुल स्लीव टैटू सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। उनकी लेफ्ट आर्म पर कमल और चमेली के फूल वाला एक नया फुल-स्लीव टैटू दिखाया। इस टैटू का अर्थ काफी गहरा और पर्सनल है। बता दें कि, एलियंस टैटू इंडिया के द्वारा बनाया गया ये टैटू एक बड़े टैटू का हिस्सा है। ये कोहली केसालों के सफर को दर्शाता है। स्टूडियो ने बताया कि काम अभी जारी है और कोहली क्रिकेट कमिटमेंट के बीच समय निकालकर धीरे-धीरे इसे पूरा कर रहे हैं। आर्टिस्ट ने इस पूरे कॉसेप्ट को समझाते हुए कहा कि, ये कलाकृति उनके व्यक्तिगत जीवन की यात्रा से प्रेरित है। ये उनके द्वारा अनुभव किए गए परिवर्तन, उनकी उपलब्धियों, उनके द्वारा प्राप्त की गई स्थिति और उनके द्वारा आगे बढ़ने की दिशा को दर्शाती है। आर्टिस्ट ने बताया, कुछ पार्ट्स को कवर करना था। कुछ को रिफाइंड और रिस्टोर करना था। और भी चीजों को जोड़ना था। एलियंस टैटू इंडिया के द्वारा बनाया गया ये टैटू एक बड़े टैटू का हिस्सा है। ये कोहली केसालों के सफर को दर्शाता है। स्टूडियो ने बताया कि काम अभी जारी है और कोहली क्रिकेट कमिटमेंट के बीच समय निकालकर धीरे-धीरे इसे पूरा कर रहे हैं।

## स्पेन की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने संन्यास का ऐलान कर दिया



## पीएसएल में नया ट्विस्ट: टॉस के बाद कप्तान चुनेंगे प्लेइंग इलेवन

पाकिस्तान सुपर लीग 2026 की शुरुआत 26 मार्च से हो चुकी है। PSL के इस सीजन के लिए PCB ने एक नया नियम लागू किया है, जो टॉस और प्लेइंग XI से जुड़ा हुआ है। क्रिकेट के नियम के मुताबिक टॉस से पहले दोनों टीमों के कप्तान मैच रेफरी को अपने प्लेइंग इलेवन की शीट सौंपते हैं। टॉस के बाद कप्तान उस प्लेइंग XI में कोई बदलाव नहीं कर सकते हैं। लेकिन PSL ने नियम बनाया है कि टॉस से पहले दोनों टीमों के कप्तान मैच रेफरी को एक नहीं बल्कि दो-दो प्लेइंग इलेवन शीट सौंपेंगे। टॉस के नतीजे के हिसाब से कप्तान किसी एक प्लेइंग इलेवन का चयन करेंगे। इस नियम के आने से दोनों टीमों के कप्तान को एक फायदा ये मिलेगा कि वह पिच और ओस जैसे फैक्टर को ध्यान में रखते हुए अपने टीम का कॉम्बिनेशन बना सकते हैं। टॉस से पहले किसी भी टीम को ये तो पता होता नहीं कि उन्हें मैच में पहले गेंदबाजी करनी है या बल्लेबाजी। टी20 मैचों में ओस की भूमिका काफी अहम होती है। अब पीएसएल में इस नियम की वजह से कप्तान टॉस के नतीजे के हिसाब से अलग-अलग टीम कॉम्बिनेशन वाली 2 प्लेइंग इलेवन का चयन कर सकते हैं। PSL के



इस नियम की काफी चर्चा हो रही है। PSL ने ये नया नियम 'नॉमिनेशन ऐंड रीप्लेसमेंट ऑफ प्लेयर्स' सेक्शन में जोड़ा है। इसके क्लॉज 1.2.1 में कहा गया है कि टॉस से पहले हर कप्तान मैच रेफरी को दो अलग-अलग प्लेइंग इलेवन की सौंप सकता है। हर लाइनअप में 11 खिलाड़ी और अधिकतम 4 सब्स्टिट्यूट प्लेयर का होना जरूरी है। टॉस के बाद हर कप्तान अपने सौंपे गए 2 लाइनअप में से किसी एक को फाइनल करेगा और चुनी हुई टीम शीट पर साइन करके रेफरी को सौंपेगा। एक बार जब फाइनल लाइनअप नॉमिनेट हो जाता है तब चुनी हुई प्लेइंग इलेवन में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

## भारतीय फुटबॉल टीम और कोच को एएफसी एशियाई कप में प्रवेश से रोक

भारतीय पुरुष सीनियर फुटबॉल टीम के खिलाड़ी और मुख्य कोच खालिद जामिल को बृहस्पतिवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रवेश नहीं दिया गया। यह विवाद केरल फुटबॉल संघ द्वारा स्टेडियम मालिकों को आवश्यक सुरक्षा जमा राशि का भुगतान न करने के कारण हुआ। तीन स्थानीय खिलाड़ी (अशिक कुरुनियन, सहल अब्दुल समद और बिजॉय वर्गीस) और कोच जामिल संवाददाता सम्मेलन के लिए स्टेडियम पहुंचे, लेकिन उन्हें स्टेडियम में प्रवेश नहीं करने दिया गया। भारत को एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) एशियाई कप 2027 क्वालीफायर में हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को खेलना है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सूत्र ने बताया, "केरल एफए को स्टेडियम चार दिन के लिए बुक करने हेतु शुल्क जमा करना था। राशि न देने के कारण प्रवेश रोका गया। इसी वजह से संवाददाता सम्मेलन रद्द करनी पड़ी।" सूत्र ने बताया कि मैच निर्धारित समय पर खेला जाएगा, क्योंकि स्टेडियम शुल्क तीन दिन पहले जमा कर दिया जाएगा।(एएफसी) के नियमों के अनुसार, किसी भी एएफसी मैच के लिए स्टेडियम चार दिन के लिए बुक करना अनिवार्य है। भारत पहले ही एएफसी क्वालिफिकेशन से बाहर हो चुका है लेकिन यह मुकाबला भविष्य की तैयारियों के लिहाज से अहम है।

## IPL 26:सीजन ओपनर चैंपियन आरसीबी को रोक पाएगी हैदराबाद

आईपीएल 2026 का आगाज शनिवार से होने जा रहा है, और पहले ही मुकाबले में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होगा। यह मैच बंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। कई वर्षों के इंतजार के बाद आरसीबी ने अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था, और अब टीम उसी आत्मविश्वास के साथ नए सीजन की शुरुआत करना चाहेगी। इस सीजन में आरसीबी की बल्लेबाजी काफी मजबूत दिख रही है। ओपनिंग में विराट कोहली और फिल सॉल्ट उतर सकते हैं। मिडिल ऑर्डर में कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल अहम भूमिका निभाएंगे। फिनिशिंग की जिम्मेदारी टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड पर होगी। गेंदबाजी में जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे। आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा।वहीं, पिछला सीजन सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अच्छा नहीं रहा था और टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर रही थी। इस बार टीम बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। ओपनिंग में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे। मिडिल ऑर्डर में ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन अहम भूमिका निभाएंगे, जबकि लियाम लिविंगस्टोन निचले क्रम में ताकत बढ़ाएंगे। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच टी20




मैचों के लिए बल्लेबाजों के लिए बेहद अनुकूल मानी जाती है। यहां की छोटी बाउंड्री और फ्लैट विकेट बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका देती है। तेज गेंदबाजों को यहां काफी समझदारी से गेंदबाजी करनी होगी, जबकि स्पिनर्स को गेंद को रोककर और टर्न दिलाकर असर दिखाना होगा।

### खुद से ज्यादा कुत्ते के खाने और ग्रूमिंग पर खर्च, महीने का बिल ₹15,000 पार

# युवाओं में बढ़ा 'डिंकवाड' कल्चर

**बेंगलुरु के एक कपल अपने पालतू कुत्ते पर हर महीने ₹12,000 से ₹15,000 खर्च करता है. इस खबर ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है. दरअसल, दोनों वर्किंग हैं और उनके बच्चे नहीं हैं, लेकिन वे अपने कुत्ते की देखभाल पर खास ध्यान देते हैं.**



आजकल शादियों में परंपरा के साथ मॉडर्न स्टाइल का भी ट्रेंड बढ़ रहा है.

बेंगलुरु के एक कपल इन दिनों चर्चा में हैं, क्योंकि वे अपने पालतू कुत्ते पर हर महीने करीब 12,000 से 15,000 रुपये खर्च करते हैं. इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई है. बताया जा रहा है कि यह कपल बेंगलुरु के इंदिरा नगर में रहता है और दोनों अच्छी नौकरी करते हैं. उनके बच्चे नहीं हैं, लेकिन उनके पास एक गोल्डन रिट्रीवर कुत्ता है, जिसका वे बहुत ध्यान रखते हैं. इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बहस चल रही है. इस ट्रेंड को DINKWAD (Double Income, No Kids, With A Dog) कहा जा रहा है, जिसमें लोग पालतू जानवरों को परिवार की तरह मानकर उन पर खुलकर खर्च करते हैं. एक स्टार्टअप फाउंडर गगन अरोड़ा ने लिंक्डइन पर इस बारे में पोस्ट शेयर किया. उन्होंने बताया कि जब वह कपल से मिले, तो उन्होंने देखा कि कुत्ते के लिए घर में महंगे प्रोडक्ट्स रखे हुए थे. जैसे ₹2400 का डॉग फूड, खास सप्लीमेंट्स और ग्रूमिंग के सामान. यहां तक कि फ्रिज में कुत्ते के खाने के लिए अलग से जगह भी बनाई गई थी. जब उनसे खर्च के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि हर महीने 12 से 15 हजार रुपये सिर्फ कुत्ते पर खर्च हो जाते हैं. इसमें खाना, ग्रूमिंग (साफ-सफाई), डॉक्टर के पास जाना, खिलौने और ट्रीट शामिल हैं. मजेदार बात यह रही कि जब उनसे पूछा गया कि वे अपने खाने पर कितना खर्च करते हैं, तो वे हंस पड़े और बोले- शायद उससे कम.इस तरह के लोगों को आजकल DINKWAD कहा जाता है, यानी Double Income, No Kids, With A Dog (दो कमाने वाले, बच्चे नहीं, लेकिन कुत्ता है).



## साइलेंसर पर रोटी बनाती लड़की का वीडियो वायरल

गैस की कमी के कारण लोगों को इन दिनों काफी परेशानी हो रही है.कई जगहों पर एलपीजी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसकी वजह से लोग खाना बनाने के लिए नए-नए जुगाड़ अपना रहे हैं. इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो सबका ध्यान खींच रहा है. इस वीडियो में एक लड़की अनोखे तरीके से खाना बनाती नजर आ रही है. वीडियो में आप देख सकते हैं कि लड़की बाइक के पास बैठी है.

### रस्सी से फंसाकर वनकर्मियों ने निकाला

## कुएं में फंस गया तेंदुआ

सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है. इसमें एक तेंदुआ कुएं में फंसा दिखाई दे रहा है. वहीं ऊपर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के कर्मचारी रस्सी के जरिए तेंदुए को निकालने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं. यह वीडियो गुजरात के भावनगर का है. किसी तरह जंगल से निकला तेंदुआ ग्रामीण इलाके में स्थित एक कुएं में फंस गया था. काफी मशक्कत के बाद वन विभाग ने इसे रेस्क्यू किया. पूरे रेस्क्यू के दौरान तेंदुआ डरा हुआ था. यह वीडियो इसलिए भी खास है कि दूसरे जानवरों के लिए खतरनाक और हिंसक समझा जाने वाला तेंदुआ खुद एक मुश्किल हालात में फंसा दिखाई दे रहा है और कुएं से बाहर निकलने के लिए उसे



रस्सी के फंदे में फंसाने की काफी कोशिश की जाती है. आखिरकार वनकर्मी तेंदुआ को फंदे में फंसाने में कामयाब हो जाते हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि तेंदुआ कुएं की बीच रखी एक सिल्ली पर बेबस बैठा हुआ है. इसके बाद रस्सी का फंदा बनाकर वन विभाग के कर्मचारी नीचे डालते हैं और उसमें तेंदुए का शरीर फंसाने की कोशिश करते हैं. फंदे में फंस जाने के बाद भी तेंदुआ टस से मस नहीं होता.

### 15 साल पहले देखा था पायलट बनने का सपना

## प्लेन में नानी की सवारी, पोती बनी पायलट

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को भावुक कर दिया है. वीडियो में IndiGo फ्लाइट के अंदर पायलट की एक खास अनाउंसमेंट सुनाई देती है. यह कोई सामान्य घोषणा नहीं, बल्कि एक ऐसे सपने की कहानी है जो सालों बाद पूरा हुआ. यह कहानी है श्रुति की, जो आज एक कमर्शियल पायलट हैं और IndiGo में कैप्टन के तौर पर काम कर रही हैं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि करीब 15 साल पहले वह अपनी नानी के घर गई थीं. उस समय उनका मकसद Indira Gandhi Rashtriya Udan Akademi (IGRUA) की तैयारी करना था, जो देश की प्रतिष्ठित फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थाओं



यह कहानी है श्रुति की, जो आज एक कमर्शियल पायलट हैं.

में से एक है. श्रुति के लिए नानी का घर सिर्फ रहने की जगह नहीं थी. वह उनके सपनों की शुरुआत थी. वहीं से उन्होंने पायलट बनने का सपना देखा और उसी दिशा में कदम बढ़ाए. वक्त के साथ उनकी मेहनत रंग लाई. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एयर इंडिया से की. लेकिन इस कहानी का सबसे खास पल हाल ही में आया. श्रुति को पुणे से दिल्ली की एक IndiGo फ्लाइट उड़ाने का मौका मिला. इस फ्लाइट में एक खास यात्री भी मौजूद थीं. उनकी अपनी नानी. जिस नानी ने कभी अपने घर में जगह देकर उनके सपनों को सहारा दिया था.

# मलाइका अरोड़ा ने अफेयर की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

# बोलीं- अपनी शर्तों पर जी रही हूं जिंदगी

बॉलीवुड सितारों की पर्सनल लाइफ अक्सर चर्चा का विषय बनी रहती है. खासकर जब बात मलाइका अरोड़ा की हो, तो हर छोटी-बड़ी खबर सुर्खियां बन जाती है. इन दिनों मलाइका एक बार फिर अपने रिश्तों को लेकर खबरों में हैं. अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका अरोड़ा का नाम अलग-अलग लोगों के साथ जोड़ा जा रहा है. हाल ही में उन्हें सोरब बेदी के साथ स्पॉट किया गया, जिसके बाद दोनों के अफेयर की खबरें तेजी से फैलने लगीं.

### जिंदगी को अपने तरीके से जी रही हैं मलाइका

अब इन अफवाहों पर मलाइका ने खुद खुलकर प्रतिक्रिया दी है. एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि ये सब अब उन्हें परेशान करने लगा है. उन्होंने कहा कि वह इन बातों को मजाक में लेती हैं और अपने बेटे अरहान के साथ इस पर हंसती भी हैं. मलाइका का कहना है कि वह अपनी जिंदगी को अपने तरीके से जी रही हैं और फिलहाल जो कुछ भी हो रहा है, उसमें खुश हैं. उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि अगर भविष्य में वह किसी रिश्ते में आती हैं, तो वह पूरी तरह अपनी शर्तों पर होगा.

### सोरब ने भी इसे बताया था अफवाह

वहीं दूसरी तरफ, सोरब बेदी ने भी इन अफवाहों को खारिज किया है. उन्होंने कहा कि उनके और मलाइका के बीच सिर्फ दोस्ती है और लोग बिना सोचे-समझे बातें बना रहे हैं. उनका मानना है कि इस तरह की खबरें किसी की मानसिक स्थिति पर असर डाल सकती हैं. सोरब ने यह भी कहा कि पहले भी उन्होंने मलाइका के साथ तस्वीरें शेयर की थीं, लेकिन तब लोगों ने ज्यादा ध्यान नहीं दिया. अब जब वह थोड़ा पहचान में आ गए हैं, तो लोग हर चीज को गलत तरीके से देखने लगे हैं. अगर मलाइका की पर्सनल लाइफ की बात करें, तो उनकी शादी पहले अरबाज खान से हुई थी, जो करीब 19 साल बाद खत्म हो गई. इसके बाद उन्होंने अर्जुन कपूर को डेट किया, लेकिन अब दोनों अलग हो चुके हैं और अच्छे दोस्त बने हुए हैं.



# हजरतगंज पार्किंग पर सख्ती

# 10 लाख जुर्माना, अवैध कार बाजार सील

**लखनऊ नगर निगम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास पार्किंग में गंदगी और अव्यवस्था पर 10 लाख का जुर्माना लगाया।मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार की छापेमारी में अवैध कार बाजार और गैराज संचालन का खुलासा हुआ।हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग अब नगर निगम के कब्जे में है, नए टेंडर तक संचालन निगम ही करेगा।**



**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

लखनऊ नगर निगम ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास संचालित पार्किंग पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया है। यहां 21 मार्च को मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने छापा मारा था। गंदगी और अव्यवस्था मिलने पर यह एक्शन लिया गया। यहां कार बाजार मिलने पर संस्था से सब-लीज करने का भी नोटिस जारी है। मेयर और नगर आयुक्त ने हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में भी छापा मारा था। इस पार्किंग पर नगर निगम ने 21 मार्च को ही कब्जा ले लिया था। यहां पर इसका संचालन करने वाले ठेकादार के लोग मिले थे, जिसपर मेयर ने तुरंत परिसर खाली करने का निर्देश दिया था। फिलहाल, इस पार्किंग पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। इसका संचालन देखने वाली संस्था के जो लोग मिले थे, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसका पूरा संचालन अब नगर निगम देख रहा है। 30 मार्च को पार्किंग का टेंडर खुलने पर इसको नया संचालक मिलेगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि शहर में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी जारी रहेगी। मेयर और नगर आयुक्त के औचक पहुंचने से हजरतगंज पार्किंग परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला। पार्किंग के सभी फ्लोर पर गंदगी का अंबार देखने को मिला, जिस पर महापौर और नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही वहां बने टॉयलेट भी बंद पाए गए, जिन्हें तुरंत खुलवाकर जनता के लिए उपयोगी बनाने के निर्देश दिए गए। मेयर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्किंग में चल रहे गैराज और कार बाजार को तत्काल प्रभाव से सील करा दिया गया। मेयर के निर्देश पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी के दौरान मौके से लैपटॉप एवं अन्य उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे अवैध गतिविधियों के संचालन के प्रमाण मिले हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पर भी हालात संतोषजनक नहीं पाए गए थे। पार्किंग परिसर में गंदगी फैली हुई थी और यहां भी अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला था। पार्किंग में लंबे समय से खड़ी 50 गाड़ियों पर भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसपर कार बाजार के संचालन का आरोप था। निरीक्षण के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा शहर की जनता जब हमें शुल्क दे रही है तो उन्हें बेहतर सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। पार्किंग में बुजुर्गों से लेकर हर आयु वर्ग के लोग आते हैं, ऐसे में यदि लिफ्ट खराब रहेगी तो उन्हें अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

## टेंडर दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपए ऐंठे, शिकायत पर जांच के निर्देश

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

लखनऊ में खुद को मुख्यमंत्री का सचिव बताने वाले दो लोगों ने युवक को मेडिकल कॉलेज में टेंडर दिलाने का झांसा देकर करीब 3 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने IGRS पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद शासन स्तर से जांच के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित राकेश कुमार यादव के मुताबिक, अशोक कुमार मिश्रा और विजेंद्र प्रताप सिंह नाम के लोगों ने उसे भरोसे में लिया। आरोपियों ने कहा कि उनकी पहुंच मुख्यमंत्री कार्यालय तक है और वह कानपुर मेडिकल कॉलेज में टेंडर दिलवा देंगे। इसी झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में 2 लाख रुपए नकद और 99,999 रुपए गूगल-पे से दे दिए।पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बाद आरोपी लगातार बहाने बनाते रहे। करीब तीन महीने बाद भी जब टेंडर नहीं मिला तो उसने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि ज्यादा दबाव बनाया तो मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन कराकर जेल भिजवा देंगे।मामले की शिकायत IGRS के जरिए की गई। शिकायत का संज्ञान लेते हुए अपर मुख्य सचिव स्तर से लखनऊ पुलिस आयुक्त को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## लखनऊ में खाली हो रहे पेट्रोल पंप

## संचालक बोले- ईंधन की कोई कमी नहीं

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**



लखनऊ में पेट्रोल और डीजल के लिए पेट्रोल पंपों पर आज लगातार दूसरे दिन लंबी लाइनें लगी हैं। ग्राहकों की एकबारगी बढ़ी मांग से पेट्रोल पंप बार-बार खाली हो रहे हैं। ज्यादातर पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लोग अफवाह में आकर बेवजह भीड़ लगा रहे हैं।

कुछ पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही 1-1 किमी लंबी कतार में गाड़ियां खड़ी हो गईं। कई पेट्रोल पंप पर पुलिस की मौजूदगी में पेट्रोल दिया जा रहा है। डीएम आवास, बीकेटी के बांकेनगर का पेट्रोल पंप खाली हो चुका है। मुंशी पुलिया में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर सुबह 9 बजे पेट्रोल खत्म हुआ था। दोपहर 2 बजे यहां दोबारा पेट्रोल मिलना शुरू हो गया।

बंथरा के अनारी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप, सरोजनीनगर में अमौसी के बेहटवा स्थित बुद्धा फ्यूल पंप पर और बगल में ही भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का पेट्रोल खत्म हो गया। इन पंपों पर केवल डीजल दिया जा रहा है। ज्यादातर पेट्रोल पंप पर लिमिट तय कर दी गई है। बाइक के लिए 100 या 200 और कार के लिए 1000, 1500 या 2000 रुपए का तेल दिया जा रहा है।मुंशी पुलिया स्थित इंडियन ऑयल के कोको पेट्रोल पंप पर दोपहर 2 बजे से पेट्रोल और डीजल मिलना शुरू हो गया है। यहां सुबह 9 बजे पेट्रोल खत्म हो गया था। 5 घंटे बाद दोबारा सर्विस शुरू होने पर रिपोर्टर मुस्तकीम की रिपोर्ट... बंथरा स्थित अनारी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हो गया है। यहां अब केवल डीजल मिल रहा है। इसी तरह सरोजनी नगर में अमौसी के बेहटवा स्थित बुद्धा फ्यूल पंप पर और बगल में ही भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हो गया है। यहां भी सिर्फ डीजल मिल रहा है।मुंशी पुलिया के कोको पेट्रोल पंप पर ग्राहकों ने कहा- दिक्कत पेट्रोल-डीजल की नहीं है। दिक्कत मोबाइल पर चल रही अफवाहों से हो रही है।सीतापुर रोड स्थित गल्ला मंडी पेट्रोल पंप पर भीड़ लगी हुई है। यहां व्यवस्था को देखने के लिए एडीएम सिटी आरके मित्तल पहुंचे हैं। यहां एक ग्राहक वेदप्रकाश मिश्रा ने कहा- लोग पेट्रोल-डीजल जमा करने के चक्कर में आ रहे हैं।

## सरनेम-टाइटल से नहीं तय होती जाति

## यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने अफवाहों पर दी सफाई

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**




उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थी के सरनेम व टाइटिल को लेकर फैल रही भ्रामक खबरों पर स्पष्टीकरण दिया है और चयन की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी है। इस संबंध में बयान जारी करते हुए पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा कि सोशल मीडिया में कतिपय अभ्यर्थियों के सरनेम या टाइटल के आधार पर उनकी जाति/श्रेणी के संबंध में भ्रामक टिप्पणियां की जा रही हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इस संबंध में यह स्पष्ट करता है कि सरनेम या टाइटल के आधार पर किसी अभ्यर्थी की जाति निर्धारित नहीं की जाती है। अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्रों की संवीक्षा (वेरिफिकेशन) की कार्यवाही की जाती है। अभिलेखों की संवीक्षा हेतु गठित डीवी बोर्ड द्वारा (जिसमें उपजिलाधिकारी स्तर एवं पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी होते हैं) समुचित रूप से मूल जाति प्रमाण पत्र का परीक्षण किया जाता है। उक्त परीक्षण से पूर्णतया संतुष्ट होने के उपरांत ही अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणी में सफल घोषित किया जाता है। नियुक्ति पत्र देने से पूर्व नियुक्ति जनपद के पुलिस अधीक्षक द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का पुनः सत्यापन कराया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को किसी विशिष्ट अभ्यर्थी की जाति के संदर्भ में कोई पुष्ट एवं प्रामाणिक जानकारी प्रदान करनी है तो कृपया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के ई मेल sampark@uppbpb.gov.in पर सूचित करें। बोर्ड द्वारा इस सम्बंध में समुचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें चल रही हैं जिनमें सरनेम या टाइटिल को लेकर भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं।

## रामनवमी पर राममय हुई अयोध्या भक्ति में डूबकर झूमे श्रद्धालु

**टीवी भारतवर्ष लखनऊ**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर अयोध्या नगरी पूरी तरह राममय हो उठी। रामलला के जन्म के शुभ अवसर पर भए प्रकट कृपाला दीनदयाला की स्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कनक भवन और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और नाचते नजर आए। रामभक्तों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस पावन अवसर पर मौसम ने भी करवट ली। सुबह तक जहां हल्की बारिश और ठंडक के कारण मौसम सख्त बना हुआ था। वहीं, रामजन्म के समय अचानक मौसम साफ हो गया और खिली धूप निकल आई। मंदिर परिसर में भगवान रामलला के ललाट पर पड़ी सूर्य की किरणों को श्रद्धालुओं ने दिव्य अभिषेक के रूप में देखा। इस अद्भुत दृश्य ने भक्तों की आस्था को और प्रगाढ़ कर दिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह भगवान राम की विशेष कृपा और उपस्थिति का संकेत है। पूरी रामनगरी में हर ओर जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे और भक्ति, श्रद्धा व उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।वहीं, दोपहर 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक चला। विशेष बात यह रही कि तिलक ठीक उसी समय हुआ, जो समय भगवान राम के जन्म का क्षण माना जाता है।

## अफवाहों से पेट्रोल-एलपीजी पर हाहाकार

# अखिलेश यादव ने सरकार पर साधा निशाना



उत्तर प्रदेश में अफवाहों की वजह से पेट्रोप पंपों पर लग रही लाइनों को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर कर कहा, "वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को 4 घंटे की प्रोपोगंडा पिक्चर देखने भेजने से अच्छा था कि उन्हें पेट्रोल पंपों पर भेजते। नाकाम भाजपा सरकार ने बेचारे सिपाहियों को जनता के गुस्से का सामना करने के लिए अकेला छोड़ दिया है। भाजपा एक तरफ़ तो बिगड़े हालातों को स्वीकार नहीं कर रही है, दूसरी तरफ़ गलत बयानी कर रही है। जिससे जनता में अनिश्चितता के डर से आक्रोश फैल रहा है"।पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक अन्य पोस्ट में दो वीडियो शेयर किया। एक वीडियो में पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी लाइन लगी है तो दूसरे वीडियो में एलपीजी सिलेंडर के लिए जनता लंबी लाइन में खड़ी। सपा ने ट्वीट कहा, "भाजपा राज में लाइन के सिवा जनता को मिला क्या"?। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने राज्य के कई हिस्सों में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों के बाहर लगी लंबी कतारों का ज़िक्र किया और कहा कि यह स्थिति सरकार की खराब योजना को दर्शाती है। उन्होंने टिप्पणी की कि बीजेपी सरकार में कतारों में खड़े होना लोगों के लिए एक आम बात बन गई है। सपा प्रमुख ने दावा किया कि सरकार ने LPG की मांग को संभालने के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की, जिसके कारण कई जिलों में आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि घरेलू सिलेंडर भी ठीक से वितरित नहीं किए जा रहे हैं और उपभोक्ताओं को दी जा रही गुणवत्ता और मात्रा पर सवाल उठाया। अखिलेश यादव ने पेट्रोल पंपों पर भीड़ की खबरों का हवाला दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि संभावित कमी को लेकर लोगों में फैली घबराहट ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है, जिससे कुछ इलाकों में लोग घबराकर खरीदारी करने लगे हैं। अखिलेश यादव ने हाल के निवेश के दावों पर भी सवाल उठाया और राज्य द्वारा निजी कंपनियों के साथ हस्ताक्षरित समझौतों की जांच की मांग की।

# उन्नाव में धूमधाम से मनी रामनवमी

# सिद्धनाथ मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा





**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव के हजारी टोला स्थित सिद्धनाथ मंदिर में शुक्रवार दोपहर रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विधि-विधान से भगवान श्रीराम का पूजन-अर्चन किया और प्रदेश व जनपदवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। पूजन कार्यक्रम के बाद एक भव्य शोभायात्रा एवं जुलूस निकाला गया। यह शोभायात्रा सिद्धनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए खंडेश्वर मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जुलूस के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि रामनवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जुलूस में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य भी शामिल रहे, जिन्होंने अनुशासन और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पानी और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई थी। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवक और बुजुर्ग शामिल हुए। धार्मिक ध्वज, झांकियां और भक्ति संगीत ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। खंडेश्वर मंदिर पहुंचकर आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। रामनवमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने शहर में श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे का संदेश दिया। देर शाम तक मंदिरों में दर्शन-पूजन का क्रम जारी रहा और भक्तों ने भगवान श्रीराम से सुख-शांति की प्रार्थना की।



## ‘धुरंधर-2’ गीत की सफलता पर जताई खुशी

### इंडियन आइडल विजेता वैभव गुप्ता का उन्नाव में जोरदार स्वागत

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

इंडियन आइडल सीजन-14 के विजेता गायक वैभव गुप्ता शुक्रवार को अपने ननिहाल सहजनी (उन्नाव) पहुंचे। फिल्म 'धुरंधर-2' में उनके गाए गीत "मन अटकेया" को मिली लोकप्रियता के बाद यह उनकी पहली ननिहाल यात्रा थी। यहां परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर वैभव गुप्ता ने कहा कि उन्नाव उनका घर है। यहां सभी अपने हैं। उन्होंने 'धुरंधर-2' के गीत को मिले स्नेह के लिए सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने यह भी बताया कि संगीत प्रेमियों का समर्थन उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे आगे भी बेहतर संगीत प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे।वैभव अपने मामा मदन मोहन गुप्ता के आवास पर पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया। मामा मदन मोहन गुप्ता ने वैभव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उनके ममेरे भाई अश्वनी गुप्ता और विशाल गुप्ता ने बताया कि बचपन से ही वैभव को गायकी का शौक था, जिसने उन्हें बड़े मंचों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इंडियन आइडल से लेकर अब तक पूरा परिवार उनके साथ रहा है और आगे भी उनका समर्थन करता रहेगा। वैभव ने बताया कि फिल्म 'धुरंधर-2' के गीत लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान अभिनेता रणवीर सिंह ने उन्हें बधाई दी थी और उनकी आवाज की सराहना की थी। उन्होंने इस पल को अपने लिए विशेष और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अमिता मिश्रा, महामंत्री विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता सहित अभिनेता अंकित, अनुराग कुशवाहा, अंशु गुप्ता, आकाश यादव, कुशांक गुप्ता और कॉमेडियन लक्ष्य निगम जैसे कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वैभव गुप्ता की सफलता से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल है और उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।



## सोहरामऊ थाने में मिशन शक्ति के तहत 11 महिलाएं सम्मानित, खोया मोबाइल लौटाकर पुलिस ने जीता भरोसा

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव के सोहरामऊ थाने में मिशन शक्ति अभियान और रामनवरात्रि के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सोहरामऊ ने की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली 11 महिलाओं को अंग-वस्त्र, माला और मां दुर्गा/मां सरस्वती का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला हेल्प डेस्क से महिला आरक्षी सीता यादव और तरुण रानी शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा जगत से शिक्षक वीरांगना, आशा बहू पुष्पलता, महिला रसोइया सरिता और रेशमा, ग्राम प्रधान फूलमती, पंचायत सहायक अन्नया प्रजापति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अपर्णा देवी तथा संघर्षशील वृद्ध महिला किसाना को भी सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान एक अन्य सराहनीय कार्य भी किया गया। कंप्यूटर ऑपरेटर किरण वर्मा और आरक्षी सतपाल ने CEIR पोर्टल की मदद से वादिनी प्रिया सिंह का काफी समय पहले खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें सौंपा। अपना मोबाइल फोन वापस पाकर प्रिया सिंह ने थाना पुलिस का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेंद्र प्रताप, मिशन शक्ति केंद्र के उप निरीक्षक श्याम शंकर मिश्रा, परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव और गांव के प्रधान सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने किया।

समारोह में मौजूद महिलाओं को शासन द्वारा जारी पंपलेट वितरित किए गए। इन पंपलेट के माध्यम से उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## शुक्लागंज में एटीएम चोरी का खुलासा: दो शातिर चोर गिरफ्तार



**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव के शुक्लागंज में गंगाघाट पुलिस ने एक हाईप्रोफाइल एटीएम चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 6 मार्च, शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।पुलिस के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक ने 5 मार्च, 2026 को कोतवाली गंगाघाट में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 3 मार्च की सुबह लगभग चार बजे अज्ञात चोर एटीएम बूथ में घुस आए। आरोपियों ने पहले सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे कर उसे निष्क्रिय किया और फिर एटीएम मशीन के कैश डिस्पेंसर बॉक्स को तोड़कर उसमें रखे 49,500 रुपये चोरी कर लिए।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और सुरागों के आधार पर पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेहुल (29), पुत्र उमेश चंद्र, निवासी बालाजी वाली गली, शुक्लागंज, उन्नाव, और अरविंद अवस्थी (38), पुत्र रामऔतार, निवासी ग्राम बलहापारा, घाटमपुर, कानपुर नगर के रूप में हुई।पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए उपकरण, जैसे पेचकस, प्लास और 10,200 रुपये नकद बरामद किए। जांच में पता चला कि मेहुल और अरविंद का आपराधिक इतिहास रहा है। मेहुल पर कानपुर नगर और उन्नाव में धोखाधड़ी, चोरी और आईटी एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं, जबकि अरविंद अवस्थी पर धोखाधड़ी, जालसाजी और गैंगस्टर एक्ट जैसी धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## उन्नाव में युवक ने सुसाइड किया

**टीवी भारतवर्ष उन्नाव**

उन्नाव के सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित बाबा खेड़ा गांव में एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बाबा खेड़ा गांव निवासी 22 वर्षीय अमित पुत्र राम रतन के रूप में हुई है। उसने गांव के पास एक बाग में आम के पेड़ से फांसी लगाई थी। सुबह नहर किनारे स्थित बाग में गए ग्रामीणों ने सबसे पहले शव को देखा। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों और परिजनों को दी। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सोहरामऊ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक के पिता राम लोटन ने बताया कि अमित उनका बेटा था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उन्होंने जानकारी दी कि सुबह ग्रामीणों ने ही उन्हें अमित के शव के पेड़ से लटके होने की सूचना दी थी। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि मामले से जुड़ी जानकारी जुटाई जा सके।

## आरके मांटेसरी हाईस्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का समापन, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



मोहान स्थित आरके मांटेसरी हाईस्कूल विद्यालय में आयोजित चार दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह का बृहस्पतिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी कमाई होती है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कारागार पुलिस निदेशक आईपीएस सुभाष चंद्र शाक्य ने भी मेधावी छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधक विनोद मौर्या ने विद्यालय की 31 शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए नौ-नौ हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया। पूर्णिमा, आयुषी, संजीव, फलक, स्वाति, रजनी शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक भी मौजूद रहे।

# अफवाहों के बीच डीएम अतुल वत्स का औचक निरीक्षण

# पेट्रोल-डीजल आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश

**अफवाहों के बीच डीएम अतुल वत्स ने शहर के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर स्थिति सामान्य पाई।पंप संचालकों ने बताया कि पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और भुगतान ऑनलाइन व नकद दोनों माध्यमों से लिया जा रहा है।डीएम ने लोगों से अपील की कि घबराएं नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें।**



टीवी भारतवर्ष उत्तर प्रदेश

जनपद में पेट्रोल-डीजल की कमी के संबंध में प्राप्त हो रही अफवाहों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अतुल वत्स ने मथुरा रोड तथा शहर में संचालित विभिन्न पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर यथास्थिति का जायजा लिया तथा लोगों को सुचारू रूप से आपूर्ति प्रदान करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने चूना वाला, बल्क कैरियर एवं एग्रो सर्विस सेंटर सहित विभिन्न पेट्रोल पंपों के निरीक्षण के दौरान पाया कि स्थिति पूर्णतः सामान्य है। कहीं भी लाइन लगाकर पेट्रोल भरवाने जैसी कोई स्थिति नहीं है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों से वार्ता कर पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता तथा भुगतान के माध्यम (ऑनलाइन/ऑफलाइन) के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है तथा ग्राहकों से ऑनलाइन एवं नकद, दोनों माध्यमों से भुगतान लिया जा रहा है।जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित ग्राहकों से भी बातचीत कर यह जानकारी ली कि पेट्रोल-डीजल निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है या नहीं। इस पर लोगों ने बताया कि उन्हें निर्धारित दरों पर ही पेट्रोल-डीजल प्राप्त हो रहा है तथा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, अतः घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सभी लोग सामान्य रूप से अपनी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करें।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**ब्यूरो चीफ दुष्यंत पचौरी हाथरस**

## हाथरस के गांव ऐहन में क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप शोभायात्रा कमेटी का किया जोरदार स्वागत

टीवी भारतवर्ष हाथरस

हाथरस में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने अपने कैम्प कार्यालय एहन में महाराणा प्रताप शोभायात्रा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल सिसोदिया एवं संयोजक संदीप सिसोदिया तथा समस्त सहसंयोजक का महासभा के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने पगड़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत सम्मान किया। साथ ही महाराणा प्रताप की वीरता धर्म जन प्रियता एवं देशभक्ति व बलिदान पर प्रकाश डाला उन्होंने वहां उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओं को इनसे प्रेरणा लेने की अपील की वहीं क्षत्रिय एकता और समरसता के साथ शोभायात्रा 9 में 2026 को भव्य बनाने के लिए सहयोग की कामना की, कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी क्षत्रिय बंधुओं को भी पटका पहनाकर और तस्वीर देकर स्वागत किया गया। मेला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन और उनके संघर्ष पर भी प्रकाश डालते हुए बोले मेवाड़ के 13वें राजा, महाराणा प्रताप केवल एक शासक नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक थे। हल्दीघाटी का युद्ध यह इतिहास का वह युद्ध था जहाँ महाराणा प्रताप ने अकबर की विशाल सेना का सामना अपनी सीमित सैन्य शक्ति के साथ किया था। उन्होंने महलों का त्याग कर घास की रोटियाँ खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी विदेशी अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने शपथ ली थी कि जब तक मेवाड़ स्वतंत्र नहीं होगा, वे बिस्तर पर नहीं सोएंगे और पत्तलों पर भोजन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव मतेंद्र सिंह गहलोत, प्रदेश सचिव योगेंद्र गहलोत, प्रदेशध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, भीकम सिंह चौहान, एडवोकेट मनोज प्रधान, हरीश सेंगर, अमित पौरुष, नवीन प्रताप सिंह, मोहित चौहान, नितिन शेखावत, देवेंद्र तोमर, विकाश पौरुष, उदय राणा, राहुल सिंह, सोनू ठाकुर, रजत ठाकुर, छोटू राणा, हरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, बृजमोहन मदनावत, संजय कुमार, पीयूष सिंह, संदीप सिसोदिया, सतेंद्र सिसोदिया, गौरव ठाकुर, मोना ठाकुर, प्रशांत सिसोदिया, शैलेंद्र चौहान, मदन बाबा, पवन गहलोत उपस्थित रहे।



## कौशांबी में भीषण सड़क हादसा

## आठ लोगों की मौत, पहुंची पुलिस

टीवी भारतवर्ष कौशांबी

यूपी के कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के अतसराय के पास नेशनल हाईवे-2 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग फतेहपुर जिले के करौली गांव के रहने वाले थे, जो मुंडन संस्कार कराकर पिकअप गाड़ी से प्रयागराज से लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, मौके पर पुलिस की टीम भी मौजूद है। दरअसल, फतेहपुर के करौली गांव से लगभग 18 लोग एक पिकअप वाहन में सवार होकर मुंडन संस्कार के लिए प्रयागराज गए थे। कार्यक्रम के बाद सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सैनी थाना क्षेत्र के अतसराय के पास NH-2 पर उनकी पिकअप का भीषण एक्सीडेंट हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और राहत-बचाव का काम शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद



कौशांबी में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। हादसे की सूचना मिलते ही सैनी थाना पुलिस और हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया है। घायलों में से कुछ लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं।

## धर्म ही हमारी पहचान इसे बचाना

## हम सबकी जिम्मेदारी- महामंडलेश्वर पूजा माई

टीवी भारतवर्ष हाथरस

विश्व हिंदू महासंघ संगठन की धर्माचार्य महामंडलेश्वर पूजा माई ने पावन चैत्र नवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शुक्रवार को अपने संदेश में सभी नागरिकों से सनातन धर्म के प्रति जागरूक रहने और उसकी रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। पूजा माई ने कहा कि यह समय केवल पर्व मनाने का ही नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का भी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों और युवाओं के मन में भक्ति और संस्कारों का भाव जागृत करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी अपने धर्म और परंपराओं से जुड़ी रहे। उन्होंने किन्नर समाज का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के कुछ वर्ग आजीविका की दौड़ में अपने मूल धर्म और परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। उन्होंने अपील की कि सभी लोग अपनी पहचान को समझें, सनातन धर्म को अपनाएं और नियमित पूजा-पाठ के माध्यम से ईश्वर भक्ति में लीन रहें। पूजा माई ने कहा कि सनातन धर्म केवल एक आस्था नहीं, बल्कि जीवन



जीने की पद्धति है, जो हमें सत्य, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे इस पावन अवसर पर संकल्प लें कि धर्म की रक्षा करेंगे और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे। अंत में उन्होंने एक बार पुनः सभी को चैत्र नवरात्रि और राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए "जय श्री राम" और "हर हर महादेव" का उद्घोष किया।

**ब्यूरो चीफ दुष्यंत पचौरी हाथरस**

